समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# IIT दिल्ली की ऐतिहासिक छलांग, QS वर्ल्ड रैंकिंग 2026 मे देश का नंबर-1 संस्थान बना।

Publisher
Published on 19 Jun 2025




## IIT दिल्ली ने QS World University Rankings 2026 मे 123वीं रैकं हासिल की, 27 पायदान की छलांग लगाकर बना भारत का शीर्ष संस्थान।

**IIT Delhi: भारतीय उच्च शिक्षा** जगत के लिए यह एक गर्व का क्षण है। देश की राजधानी स्थित **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली (IIT Delhi)** ने **QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** 2026 में **ऐतिहासिक प्रदर्शन** करते हुए **123वीं वैश्विक रैकं** प्राप्त की है। **IIT दिल्ली ने 27 स्थानों** की छलांग लगाई है, जो इसे **भारत का नंबर-1 संस्थान** बनाता है।

**8 वर्षों मे संबसे बड़ी छलांग**
पिछले वर्ष यानी 2025 में **IIT दिल्ली की रैंकिंग 150वीं** थी, लेकिन इस बार उसने **27 पायदान** ऊपर चढ़ते हुए 123वां स्थान प्राप्त किया है। यह पिछले 8 वर्षों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

इस साल की रैंकिंग में **भारत के लगभग 50% विश्वविद्यालयों** की स्थिति में सुधार देखा गया है, लेकिन सबसे प्रभावशाली छलांग **IIT दिल्ली** की रही।

**IIT बॉम्बे को पीछे छोड़ा**
अब तक भारत के शीर्ष संस्थान के रूप में जाना जाने वाला **IIT बॉम्बे** इस बार 11 पायदान फिसलकर **129वे स्थान** पर पहुंच गया है। बीते एक दशक में छह बार भारत का नंबर-1 बनने वाला IIT बॉम्बे अब IIT दिल्ली से पीछे हो गया है।

**कौन रहा दुनिया का नंबर-1 विश्वविद्यालय ?**

इस वर्ष भी **मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT)** ने अपनी बादशाहत कायम रखते हुए लगातार 14वीं बार दुनिया का नंबर-1 विश्वविद्यालय बनने का गौरव हासिल किया है।

## कैसे तय होती है QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ?

**QS (Quacquarelli Symonds)** द्वारा विश्वविद्यालयों की रैंकिंग इन मानकों पर की जाती है:

१. **शैक्षणिक प्रतिष्ठा (Academic Reputation)**
२. **नियोक्ता प्रतिष्ठा (Employer Reputation)**
३. **फैकल्टी-स्टूडेटं रेशियो**
४. **रिसर्च आउटपुट और प्रकाशन**
५. **अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और छात्रों की संख्या**

IIT दिल्ली ने इन सभी मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी स्थिति में सुधार किया है।

## विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि भारत में **तकनीकी** और उच्च शिक्षा के बढ़ते स्तर को दर्शाती है। साथ ही, **IIT दिल्ली** की यह छलांग वैश्विक मंच पर भारतीय संस्थानों की पहचान को मज़बूती देती है।

**IIT दिल्ली** की यह उपलब्धि केवल संस्थान के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय शिक्षा प्रणाली वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती से आगे बढ़ रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.